# जिंदगी में परिवर्तन लाने के लिए सबसे सहज एवं सरल माध्यम है शिक्षा- वित्त मंत्री

- मन में दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन एवं स्वयं पर रखें विश्वास मिलेगी सफलता
- शिक्षकों के हाथ में बच्चों का भविष्य प्रतिबद्ध होकर करें कार्य
- नटवर स्कूल में आयोजित हुआ जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव







**रायगढ़**

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आज शास.अंग्रेजी माध्यम नटवर स्कूल, रायगढ़ में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर वित्त मंत्री चौधरी ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत करते हुए उन्हें नि:शुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक भी प्रदान किए। इस दौरान यहां न्यौता भोज का भी आयोजन हुआ, जिसमें वित्त मंत्री चौधरी ने बच्चों से बैठकर भोजन भी ग्रहण किए।

शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने बच्चों से कहा कि आप अपने जीवन के बहुत महत्वपूर्ण साल की शुरुआत कर रहे हैं और यह शाला प्रवेश उत्सव नटवर स्कूल में मनाया जा रहा है, जो हम सबके लिए एक गौरव और भावुकता का समय है। आज मंच में बैठे कई लोग इस स्कूल से पढ़े हैं और मैं बताना चाहता हूं कि मेरी पिताजी एवं चाचा भी इसी स्कूल से पढ़े हैं। ऐसे ही सबकी यादें इस स्कूल से जुड़ी हुई है, यह सब के लिए गर्व का विषय है। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि अगर आप अपने जिंदगी में परिवर्तन लाना चाहते हैं जिससे आपके माता-पिता को सारी सुख-सुविधा एवं मान-सम्मान मिले तो इसका सबसे सहज एवं सरल माध्यम शिक्षा है।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से सारी सुख सुविधा मान सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। यह आपको इस उम्र में समझने की आवश्यकता है। मैं स्वयं छोटे से गांव बायंग का निवासी हूं मेरे दादा किसान थे, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी है लेकिन उन्होंने मेरी पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज आप सभी अच्छे स्कूल और शिक्षकों के बीच पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि हमारे समय में ना तो अच्छे स्कूल थे और न ही पूरे विषयों के शिक्षक। उन्होंने स्कूली पढ़ाई से लेकर आईएएस बनने तक के सफर को साझा करते हुए कहा कि आपके जिले के बायंग गांव का व्यक्ति विभिन्न परिस्थितियों के बाद भी कलेक्टर बन सकता है तो आप हमसे बेहतर जगह पर जा सकते हैं। मन में दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन एवं अपने आप पर भरोसा रखें, दुनिया की कोई भी ताकत आपको सफल होने से नहीं रोक सकती।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि भारत तेजी से बदलते हुए विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। इसमें बहुत सारे लोगों को अवसर मिलेगा। हम अपने आप को उस अवसर को लेने के लिए कितना तैयार कर पाते हैं, यह आप पर निर्भर करता है। शासकीय नौकरियों के अलावा अन्य संभावनाएं भी हैं, उसको भी आप को समझना होगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों के अंदर व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, धैर्य का विकास करें तभी वे कठिन से कठिन लक्ष्य पा सकते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को कहा कि बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन दें। शिक्षकों के हाथ में बच्चों का भविष्य होता है आप उनको सवार सकते हैं सभी प्रतिबद्ध होकर कार्य करें।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने नटवर स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय में नटवर स्कूल में प्रवेश के लिए लाइन लगी रहती थी और आप सभी सौभाग्यशाली हैं, यहां आपका प्रवेश हो रहा है। आप सभी दृढ़ निश्चय के साथ मेहनत करें और नटवर स्कूल के साथ ही जिले का नाम रोशन करें।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव को संबोधित करते हुए बच्चों से कहा कि सभी बच्चे अच्छे से पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि हमें एक विद्यार्थी की तरह वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो आज हमारे बीच उपस्थित हैं जो कभी शाला प्रवेश उत्सव में रहे होंगे। उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से एक रास्ता चुना और उस मुकाम पर पहुंचे। यह हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। विद्यार्थियों के लिए टीचर एक मार्गदर्शक की भूमिका में होता है। बच्चे उनसे जुड़े रहे, उनकी बातों का अनुसरण करें। उन्होंने सभी को मन लगाकर पढऩे और प्रदेश देश के साथ विदेश में नाम रोशन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर गुरूपाल भल्ला, मुकेश जैन, श्रीकांत सोमावार, सुभाष पाण्डेय, विवेक रंजन सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, शोभा शर्मा, दीबेश सोलंकी, पंकज कंकरवाल, मुक्तिनाथ बबुआ, नरेश गोरख, डिग्री लाल साहू, सूरज शर्मा, संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर आर.पी.आदित्य, सहायक संचालक शिक्षा संभाग प्रशांत राय, डी.के. वर्मा, जी.आर.जाटवर, मनोज अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, नरेन्द्र चौधरी, के.के. स्वर्णकार, जे.के.राठौर, भूनेश्वर पटेल, आलोक स्वर्णकार, तरसिला एक्का उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

**प्रतिभाशाली बच्चे हुए पुरस्कृत-** जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों को सर्टिफिकेट, मोमेन्टो एवं बुक प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रतिमा महंत, रमेश सिंग, खुशवेन्द्र टंडन, तेजस्वनी निषाद, रौनक चौधरी, निशि मिश्रा, गरिमा पटेल, तौफेल अंसारी, राखी पटेल एवं रितिका महंत शामिल थे।

**बच्चों ने सीखे डायरिया नियंत्रण के उपाय-** जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को डायरिया नियंत्रण के विधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान विभाग द्वारा ओआरएस घोल निर्माण की जानकारी के साथ ही हैंड वॉश करने के तरीके का प्रदर्शन किया गया, ताकि डायरिया को नियंत्रण कर सके। इस दौरान वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने स्टॉप डायरिया कैंपेन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 99.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 27 जून तक 99.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 18.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 154.9 मिली मीटर, पुसौर में 192.7, खरसिया में 83.7, घरघोड़ा में 114.7, तमनार में 61.8, लैलूंगा में 125.4, मुकडेगा में 114.2, धरमजयगढ़ में 23.9, छाल में 100.2 एवं कापू में 26.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### 39 वां चक्रधर समारोह : आयोजन व संचालन के संबंध में बैठक 1 जुलाई को

रायगढ़। 39 वां चक्रधर समारोह वर्ष 2024 के सफल एवं गरिमामय आयोजन/संचालन के संबंध में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में 01 जुलाई 2024 को दोपहर 12 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष, रायगढ़ में बैठक आहूत की गई है।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 28 जून को

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में 28 जून 2024 को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष, रायगढ़ में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में रायगढ़ जिले में जल जीवन मिशन की अद्यतन प्रगति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### खादी ग्राम उद्योग में लगी आग

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के खादीग्राम उद्योग कार्यालय में आग लग गई। आग लगने से बिल्डिंग के प्रथम तल पर कुछ लोग फंस गये थे जिन्हें सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल विभाग तथा पुलिसकर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना गुरूवार दोपहर की है। गुरूवार दोपहर को कोतवाली थानाक्षेत्र स्थित खादीग्राम उद्योग कार्यालय में अचानक आग लग गई। तत्काल इसकी सूचना पुलिस तथा दमकल विभाग को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल विभाग ने जल्दी ही आग पर काबू पा लिया। आग लगने के दौरान कार्यालय बिल्डिंग के प्रथम तल पर कुछ लोग फंस गये थे जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नही है। बताया जाता है कि आग बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में लगे बिजली बाक्स में शॉट सर्किट होने की वजह से लगी थी। फिलहाल आग लगने के कारणो की जांच की जा रही है।

### चारधाम जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए सरकार ने बनाई ई-स्वास्थ्य धाम एप

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने उत्तराखंड में चार धाम की यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को उत्तराखंड सरकार द्वारा बनाये गये ई-स्वास्थ्य धाम एप अपने मोबाइल में अपलोड करने का आग्रह किया है। चारधाम जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा यह एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से यात्रीगणों को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी जानकारी निर्बाध रूप से मिल सकेगी। किसी तरह की मेडिकल जरूरत पडऩे पर भी इस एप से उन्हें सहायता मिल सकेगी। इस एप के माध्यम से समय-समय हर उत्तराखंड सरकार द्वारा हेल्थ चेकअप संबंधी जारी किये गये निर्देशों की भी जानकारी मिल सकेगी। चारधाम जाने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य में किसी तरह की दिक्कत न आये, इसके लिए इस एप का निर्माण किया गया है।

## कबाड़ व्यवसायी पर जूटमिल पुलिस ने की प्रतिबंधक कार्यवाई, न्यायालय ने भेजा जेल

**रायगढ़**

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को स्थानीय रहवासियों ने जानकारी दिया कि क्षेत्र में काफी संख्या में बाहरी व्यक्तियों द्वारा फेरी कर कबाड़ खरीदी की जा रही है। थाना प्रभारी द्वारा ऐसे फेरी कर कबाड़ खरीदी करने वाले के सत्यापन की आवश्यकता देखते हुए अपने पेट्रोलिंग टीम को क्षेत्र के कबाड़ खरीदी करने वालों को ऐसे व्यक्तियों की जानकारी थाने में उपलब्ध कराने निर्देशित करने रवाना किया गया था। इसी क्रम में आज जूटमिल पेट्रोलिंग पार्टी सहदेवपाली टुरकुमुडा स्थित कबाड़ खरीदने वाले मुन्ना पंडित के गोदाम में जाकर तस्दीक की गई। जहां व्यवसायी मुन्ना पंडित बेवजह की बातें कर चिल्लाने लगा जिसे पुलिसकर्मियों द्वारा समझाइश देने पर उग्र हो गया संज्ञेय अपराध की आशंका पर जूटमिल पुलिस द्वारा अनावेदक मुन्ना पंडित पिता सीताराम पंडित उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम मुरगी पोस्ट पिरोई थाना महुआ जिला वैशाली (बिहार) हाल मुकाम आईटीआई अंबेडकर आवास थाना



जूटमिल जिला रायगढ़ के विरुद्ध धारा 151 CrPC के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु धारा 151/107, 116 (3) सीआरपीसी के तहत इस्तगासा तैयार कर अनावेदक को अधिक से अधिक रूपयों का बाउंड ओव्हर की कार्रवाई के लिये अनावेदक मुन्ना पंडित को एसडीएम रायगढ़ के न्यायालय पेश किया गया। जहां अनावेदक का जेल वारंट जारी किये जाने पर अनावेदक को जूटमिल पुलिस द्वारा जेल दाखिल किया गया है।

## सीएसपी आकाश शुक्ला ने मां मंगला कॉलेज के नर्सिंग स्टूडेंट्स और टीचर्स को दी नवीन कानून की जानकारी

**रायगढ़**

1 जुलाई से लागू हो रहे नवीन कानून संहिताओं के संबंध में पूरे देश में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में भी प्रशासन व पुलिस नवीन कानून संहिता का प्रचार-प्रसार कर रही है। इसी क्रम में आज नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला द्वारा मां मंगला नर्सिंग कॉलेज में छात्राओं और शिक्षकों को नवीन कानून की जानकारी दी गई।



आईपीएस अधिकारी आकाश शुक्ला ने बताया कि 01 जुलाई 2024 से देश में नये कानून के तहत एफआईआर दर्ज किए जाएंगे। वहीं पुलिस जांच, कार्यवाही नवीन कानून में निहित प्रावधानों के तहत करेगी। यह नवीन कानून त्वरित रूप से न्याय देने वाला सिद्ध होगा। आमजन को भी नवीन कानून का ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नये कानून में बच्चों और महिलाओं के प्रति अपराध पर अंकुश लगाने त्वरित न्याय देने जरूरी संशोधन किया गया है और अपराधियों के लिए सजा बढ़ाई गई है। वहीं आमजन के लिए ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 को अधिसूचित किया गया है। इसी तरह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) 2023 को अधिसूचित किया गया है। नवीन कानून के तहत फॉरेंसिक टेक्नोलॉजी का उपयोग, डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को अत्यधिक प्राथमिकता देते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समानुकूल परिवर्तन किए गए हैं। मेडिकल स्टूडेंट्स को उनकी जानकारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम दौरान नर्सिंग छात्राओं ने नवीन कानून के संबंध में जिज्ञासा व्यक्त कर कुछ रोचक सवाल सीएसपी आकाश शुक्ला से पूछा गया जिनका बड़े सरल शब्दों में आकाश शुक्ला द्वारा उत्तर दिया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे तथा थाना पुसौर स्टाफ, कॉलेज के अध्यापक व छात्राएं मौजूद रही।

## अवैध शराब पर पूंजीपथरा पुलिस की बड़ी कार्यवाई, 105 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

- ग्राम गेरवानी में केलो नदी के किनारे पुलिस ने रेड कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ा

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के अवैध शराब पर अंकुश लगाने के दिये निर्देशों पर कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में कल पूंजीपथरा पुलिस द्वारा शराब रेड कार्रवाई कर अवैध शराब कारोबार में संलिप्त व्यक्ति को 105 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 26.06.2024 को थाना प्रभारी पूंजीपथरा राकेश मिश्रा को मुखबीर से सूचना मिली कि सतीघाट गेरवानी केलो नदी के पास एक व्यक्ति काफी मात्रा में महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है, सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस टीम तैयार कर कार्रवाई के लिये मौके पर रवाना हुये, जहां सतीघाट गेरवानी केलो नदी के पास घेराबंदी कर पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसने अपना नाम जवाहर लाल बर्मन पिता ननकी दाउ बर्मन उम्र 45 वर्ष साकिन गेरवानी, थाना पूंजीपथरा बताया। संदेही से अवैध शराब बिक्री के संबंध में पूछताछ करने पर शराब बिक्री करना स्वीकार किया और पास के बेशरम झाड़ियों के झुंड में छिपा कर रखे 07 नग प्लास्टिक डिब्बा में भरा 15-15 लीटर महुआ शराब जुमला 105 बल्क लीटर महुआ शराब (कीमत-रु.10,500) निकालकर पेश किया जिसे पुलिस ने विधिवत जप्त किया। आरोपी जवाहर लाल बर्मन के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में अप.क्र. 159/2024 धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपित को रिमांड पर भेजा गया है। उप पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर पूंजीपथरा पुलिस अवैध कबाड़, जुआ-सट्टा और अवैध शराब पर कार्यवाही की जा रही है। शराब रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, प्रधान आरक्षक विनीत तिर्की, आरक्षक अभिषेक द्विवेदी, विक्रम कुजूर, आदिकंद प्रधान, नरेन्द्र कुमार पैंकरा, सिकंदर तिर्की, उमाशंकर भगत, निर्दोष लकड़ा की अहम भूमिका रही है।

## छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के काम-काज की समीक्षा के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला आज से

- कृषि मंत्री रामविचार नेताम कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे

**रायपुर । आरएनएस**



भरतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोन-9, जबलपुर के अन्तर्गत आने वाले मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के 81 कृषि विज्ञान केन्द्रों की 31वीं क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 28 से 30 जून, 2024 तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय 31वीं क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ कल 28 जून, 2024 को प्रात: 11 बजे छत्तीसगढ़ के कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम करंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक (कृषि विस्तार) डॉ. रंजय के. सिंह एवं कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोन-9, जबलपुर के निदेशक डॉ. एस.आर.के. सिंह उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के आयोजन सचिव एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि इस तिन दिवसीय वार्षिक कार्यशाला में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा विगत वर्ष किये गये कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा तथा अगामी वर्ष की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस कार्यशाला में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के एवं विभिन्न संस्थानों के निदेशक, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर, राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के निदेशक विस्तार सेवाएं तथा छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के अंतर्गत कार्यरत 81 कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रमुख एवं वैज्ञानिक शामिल होंगे।

## कोर्ट में सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारीज

**रायपुर । आरएनएस**



कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार सौम्या चौरसिया को कोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि इस मामले की केस डायरी के मुताबिक सौम्या की पूरी संलिप्तता नजर आ रही है।

बता दें कि सौम्या चौरसिया ने कोर्ट में जमानत के लिए आवेदन दिया था। जिसपर गुरूवार शाम को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सौम्या चौरसिया के वकील ने अपना पक्ष रखते हुए अपनी दलील रखी और सौम्या की चार साल की बेटी का हवाला देते हुए कहा कि उसकी तबीयत ठीक नही रहती साथ की कोर्ट में बच्ची की मेडिकल रिपोर्ट भी पेश की किंतु जज ने फैसला सुनाते हुए मामले में सौम्या चौरसिया की पूरी संलिप्तता बताते हुए जमानत देने से इंकार कर दिया।

ज्ञात हो कि पिछली कांग्रेस सरकार में ताकतवर और प्रभावशाली अफसर रहीं सौम्या चौरसिया को कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में इडी ने 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे सेंट्रल जेल रायपुर में बंद हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद ईडी के प्रतिवेदन पर एसीबी और ईओडब्ल्यू की ओर से एफआईआर दर्ज की गई थी। इस मामले में ईओडब्ल्यू की टीम ने सौम्या हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दरअसल, केंद्रीय जांच एजेंसी प्रर्वतन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपए की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी। जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था। वसूली के लिए नियमों में बदलाव किया गया था। श्वष्ठ के अनुसार कांग्रेस नेता सूर्यकांत तिवारी के ऊपर सौम्या चौरसिया का हाथ था।

## कार्यशाला में अधिकारियों कर्मचारियों को दिया गया राजस्व नियमों कार्यों का ज्ञान

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस को कलेक्टर धर्मेश साहू के समक्ष डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ महेश शर्मा ने राजस्व न्यायालय की कार्य प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। शर्मा ने कहा कि भू-राजस्व संहिता की धाराओं को एवं सीपीसी की धाराओं को संयुक्त रुप से देखे जाने की आवश्यकता है क्योंकि बहुत से मामलों का भू-राजस्व संहिता में कोई प्रावधान नहीं है। इसके पश्चात् बिलासपुर भू-अभिलेख शाखा के राजस्व निरीक्षक रमेश नायक एवं पीयूष दीवान के द्वारा भू-अभिलेख शाखा एवं डायवर्सन के संबंध में जानकारी दिया गया एवं राजस्व विभाग के पदाधिकारियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान किया गया। जांजगीर-चांपा कार्यालय से सहायक ग्रेड-2 शैलेन्द्र सिंह एवं नबीअहमद खान ने भू-आबंटन के संबंध में जानकारी दिया। इसी क्रम में बिलासपुर एवं रायगढ़ जिले से आए कर्मचारियों ने वाचक शाखा, नाजीर शाखा, प्रपत्र शाखा, शिकायत शाखा, बाढ़ राहत एवं सांख्यिकी शाखा एवं स्थापना शाखा से संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिए। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, साथ ही राजस्व विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480